## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोरोना कंट्रोल रूम में कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने जिला स्तरीय नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19)से संबंधित कार्य करने हेतु आपदा प्रबंधन शाखा कक्ष क्रमांक 41 में जिले के अनुभाग एवं तहसीलों से छ.ग.शासन द्वारा चाही गई वांछित जानकारी प्राप्त करने एवं जिले के संकलित जानकारी शासन को प्रेषित करने तथा कोरोना कंट्रोल रूम कक्ष क्रमांक 19 दूरभाष नंबर 07762-223750 में दिनांक 1.5.2020 से आगामी आदेश तक प्रतिदिन कार्य करने हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। प्रातः 8 से दोपहर 12 बजे तक सहायक ग्रेड-3 श्रीमती पुष्पा पटेल, सहायक ग्रेड-3 कु.रेखा ध्रुवे एवं भृत्य श्रीमती शीला घृतलहरे तथा दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक सहायक ग्रेड-2 श्रीमती जानकी यादव, सहायक ग्रेड-3 श्रीमती फ्रान्सिसका खलखो एवं भृत्य श्रीमती शशिकला पटेल शामिल है।

### 28 अप्रैल तक बंद रहेगा रायगढ़ पंजीयन कार्यालय

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण के रोकथाम हेतु एहतियात के तौर पर 21 अप्रैल 2020 तक राज्य के सभी पंजीयन कार्यालय बंद रखने के निर्देश जारी किए गए थे। चूंकि संक्रमण का आशंका अभी भी बनी हुई है। जिसे ध्यान में रखते हुए आगामी 28 अप्रैल 2020 तक राज्य के सभी पंजीयन कार्यालय बंद रखे जाने हेतु आदेशित किया गया है। उक्त आदेशानुसार 28 अप्रैल तक रायगढ़ पंजीयन कार्यालय भी बंद रहेगा।

### लॉक डाउन में फसल बीमा की राशि मिलने से कृषकों को बड़ी राहत

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रायगढ़ जिले में किसानों को खरीफ. 2019 फसल की क्षति के विरुद्ध दावों का भुगतान किया जा रहा है। जिसमें से अब तक 4720 कृषकों को 3 करोड़ 68 लाख 82 हजार 796 रुपये का भुगतान हो चुका है। ज्ञातव्य है कि जिले में योजना से लाभान्वित किसानों में विकासखण्ड बरमकेला में 1771, घरघोड़ा में 438, खरसिया में 64, लैलूंगा में 726, पुसौर में 36, रायगढ़ में 561, सारंगढ़ में 3230, तमनार में 1292, धरमजयगढ़ में 153 सहित कुल 8271 किसानों को 6 करोड़ 67 लाख 74 हजार 530 रुपये का भुगतान किया जाना है। जिसमें से अब तक 4720 कृषकों को 3 करोड़ 68 लाख 82 हजार 796 रुपये दिये जा चुके हैं। शेष 3551 किसानों को 2 करोड़ 98 लाख 91 हजार 733 रुपये के दावों का भुगतान प्रक्रियाधीन है।

### 28 तक बंद रहेंगी शराब दुकानें

**» राज्य शासन ने जारी किया आदेश**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में शराब दुकानों को बंद रखने की तारीख आगे बढ़ाते हुए 28 अप्रैल तक कर दी है। राज्य सरकार ने इस बाबत आदेश जारी कर दिया है। आबकारी विभाग की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य शासन द्वारा नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से राज्य के सभी देशी-विदेशी मदिरा दुकानें, छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कॉरपोरेशन के रायपुर बिलासपुर स्थित गोदामों सहित सभी जिलों में स्थित देशी-विदेशी विदेशी मदिरा के मद्य भंडारों को 28 अप्रैल तक बंद करने का निर्णय लिया गया है।

### प्रदेश सरकार ने संग्राहकों को दी राहत, 17 रुपए के बजाय 30 रुपए में होगी महुआ फूल की खरीदी

**महासमुंद (आरएनएस)।** प्रदेश सरकार ने लॉकडाउन के दौरान वनोपज का संग्रहण करने वाले संग्राहकों को राहत दी है। आदिवासियों से अब राज्य सरकार द्वारा महुआ फूल को 17 रुपये प्रतिकिलो के बजाए 30 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर खरीदा जाएगा। जिला वनोपज सहकारी संघ के अध्यक्ष व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे छत्तीसगढ़ में करीब 13 लाख तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को लाभ मिल सकेगा। चंद्राकर ने बताया कि वनांचल क्षेत्रों में आदिवासियों के लिए महुआ जीवकोपार्जन का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। इसके संग्रहण के बाद इसे सूखा कर समर्थन मूल्य पर बेच कर आदिवासी अपनी आजीविका चलाते हैं। भोर होते ही भरी दुपहरी तक महुआ फूलों का संग्रहण करना और फिर उसे धूप में सुखाना, ये आदिवासियों की नियमित दिनचर्या में शामिल है। चंद्राकर ने बताया कि राज्य सरकार पहले महुआ फूलों की खरीदी 17 रुपये प्रतिकिलो ग्राम के दर से करती थी।

# रायगढ़वासियों की दृढ़ संकल्प, इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास के आगे कोरोना ने टेके घुटने

**» जरूरतमंदों की मदद में आगे आने पर रायगढ़ पुलिस की राह हुई आसान**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला रायगढ़ दानवीर सेठ किरोड़ीमल का शहर है, यहां आज भी जरूरतमंदों की मदद के लिए एक नहीं सैकड़ों हाथ आगे आते हैं। कोरोना वायरस के कारण लाक डाउन होने से रायगढ़ के छोटे-बड़े उद्योग, निजी फार्म आदि में काम बंद हो गया जिससे असहाय, बेसहारा लोगों के साथ रायगढ़ के मेहनतकश लोगों को भी जरूरतमंद कहा जाने लगा।

कई समाजसेवी संगठन एवं शहर के सामर्थ्यवान आगे आकर जरूरतमंदों को मदद कर रहे थे। ऐसी जानकारी भी मिली है कि रायगढ़ पुलिस के थाना/चौकी प्रभारीगण व स्टाफ आपस में रूपये जमाकर एवं अपने निकटतम व्यक्तियों से भी मदद लेकर थाने की पेट्रोलिंग एवं डायल 112 के माध्यम से सड़कों, धार्मिक स्थलों के बाहर, अनाथालय, बाजार में सराय लेकर रहने वालों की मदद किया जा रहा था। इसी बीच कई लोग बड़ी संख्या में घरों से बाहर निकलकर भोजन, चाय आदि वितरण में लग गये जिससे संक्रमण फैलने की आशंका बढी और इस कार्य की जिम्मेदारी जिला पुलिस को दे दी गई। ऐसे में काफी संख्यां में जिले के मेहनतकश लोगों के समक्ष भी रोजमर्रा की चीजों की आवश्यकता बढ़ने लगी और ना चाहते हुए भी वे अपने थाना क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों से राशन आदि की मदद की गुहार करते। ऐसे जरूरतमंदों की मदद पूरी करना पुलिस अधिकारियों के लिए भी मुश्किल भरा था परंतु यह वक्त क्षण में निकल गया जब यहां के दानवीरों ने इस मुश्किल घड़ी में रायगढ़ पुलिस को जरूरतमंदों में वितरण के लिए पका हुआ भोजन, सुखा राशन, मास्कड, सैनिटाईजर आदि उपलब्ध कराया जाने लगा। अभी भी कई पुलिसवाले बगैर किसी मदद के अपनी इच्छा शक्ति से जरूरतमंदो की मदद कर रहे हैं। ऐसे कुछ विभाग, फर्म एवं सज्जनों का नाम आज मीडिया के सदस्यों से साझा किया जा रहा है जिनके सहयोग से यह जनसेवा का कारवां आगे बढ़ता जा रहा है परन्तु कुछ ऐसे सज्जन भी हैं जिनका नाम इस सूची में नहीं है।

इन फर्म, समाजसेवियों ने आगे आकर थाना क्षेत्रों के लिए की मदद -

**कोतवाली क्षेत्र -** (1) अनूप बंसल - फूड पैकेट (2) द्रोपती रामदास फाउंडेशन - फूड पैकेट+मास्क (3) गायत्री मन्दिर ट्रस्ट-फूड पैकेट (4) चक्रधर बाल सदन - फ़ूड पैकेट (5) सलीम नियारिया- सेनेटाइजर (6) पुलिस परिवार पुराना पुलिस लाइन रायगढ़- राशन।

**थाना चक्रधरनगर क्षेत्र -** (1) जिंदल - सेनेटाईजर (2) मनीष उदासी सिंधी कॉलोनी पक्की खोली - सेनेटाईजर (3) मेडिकल शॉप - ग्लुकॉन डी, दस्ताना (4) प्रदीप सिंह - मास्क (5) रोशन अग्रवाल - टच साबून (6) चक्रधरनगर बाल सदन - फूड पैकेट (7) इंकम टैक्स अधिवक्ता - फूड पैकेट (8) गोदडीवाला सिंधी समाज - फूड पैकेट (9) संजय अग्रवाल - राशन (10) विजय अग्रवाल - राशन।

**थाना कोतरारोड़ क्षेत्र -** (1) अमित बंसल - राशन (2) बजरंग अग्रवाल - राशन (3) गोपाल सिंह ठाकुर- राशन (4) महेश शर्मा - राशन (5) सुरेन्द्र अग्रवाल - राशन (6) प्रमोद सिंह - मास्क साबुन (7) प्रदीप सिंह - मास्क (8) राजकुमार अग्रवाल - सैनिटाइजर

**चौकी जूटमिल क्षेत्र -** (1) सुनील लेन्ध्रा-राशन (2) रंजू - सेनेटाइजर (3) प्रदीप सिंह- मास्क (4) संजय अग्रवाल- मास्क (5) रोशन अग्रवाल - साबुन (6) शिखर अग्रवाल - फ़ूड पैकेट (7) इनकम टैक्स वकील संघ - फ़ूड पैकेट (8) सुनील रामदास अग्रवाल - फ़ूड पैकेट एवं राशन।

**पुसौर क्षेत्र -** (1) नगर पंचायत पुसौर - राशन (2) एनटीपीसी लारा - मास्क (3) राजेश पटेल - राशन (4) विनोद पटेल - राशन

**थाना डोंगरीपाली क्षेत्र -** (1) चौहान समाज- मास्क, साबुन, सेनिटाइज़र, राशन, फ्रुट्स (2) रहसो भोई - राशन (3) मनोज अग्रवाल- चावल (4) नेहा मेडिकल स्टोर बरमकेला- मास्क, सेनिटाइज़र

**बरमकेला थाना क्षेत्र -** (1) रति राम सिंह सब इंजीनियर जल संसाधन, राबर्ट तिर्की पटवारी, जय मंगल पटेल सब इंजीनियर बरमकेला, रमेश अग्रवाल रायगढ़ - चावल, दाल (2) बरमकेला के सभी राशन व्यापारी - चावल, दाल, आलू, तेल (3) मिनी पटेल संचालक हमर ढाबा - पका खाना (4) श्रीगोपाल अग्रवाल - मास्क (5) बरमकेला पुलिस परिवार - मास्क, सब्जियां। (6) शर्मा क्लॉथ स्टोर एवं अग्रवाल समाज - सुबह शाम का नाश्ता, चाय।

**थाना कापू क्षेत्र -** (1) शिव गुप्ता किराना दुकान, कीर्ति सिदार ग्राम सलका, विजय राठिया ग्राम कन्द्रजा - चावल, दाल (2) सचिन शर्मा कापू - मास्क/सैनिटाइजर।

**थाना पूंजीपथरा क्षेत्र -** (1) नलवा स्टील एंड पावर लिमिटेड कंपनी तराईमाल - राशन, बिस्किट, पानी पाउच, मिक्चर, मास्क (2) बी.एस. स्पंज आयरन बंजारी तरईमाल - राशन (3) स्केनिया कंपनी पूंजीपथरा - राशन (4) महामाया किराना स्टोर पूंजीपथरा - राशन (5) रुपानाधाम कंपनी - राशन (6) रूपेश पटेल कोड़केल तमनार - राशन (7) अजय रोलिंग कंपनी - राशन (8) यू लाईफ टेलर्स - मास्क

**चौकी रैरूमाखुर्द क्षेत्र -** (1) सांई किराना स्टोर, बाकारूमा - राशन

**खरसिया क्षेत्र -** (1) बाबा के सेवक परिवार - सुखा राशन, पुड़ी सब्जी (2) रोटरी क्लब - पुड़ी सब्जी। (3)- लायन्स क्लब - मॉस्क, सेनेटाइजर, ग्लब्स। (4) सेंट जॉन स्कूल - खाना पैकेट। (5) गणेश सिंधी - नास्ता पैकेट। (6) दिलीप अग्रवाल - पानी, लीची जूस। (7) मेघानी परिवार - खाना पैकेट। (8) बालाजी होंडा शो रूम - खाना पैकेट। (9) बार एसोसिएशन- पुड़ी सब्जी, पानी। (10) मेडिकल एसोसिएशन- ग्लब्स। (11) रामखिलावन जैसवाल - सूखा राशन। (12) अपना बाजार - सूखा राशन। (13) आईसीआईसीआई बैंक - सेनेटाइजर। (14) वनांचल केयर स्टॉफ - सूखा राशन। (15) बिन्नी सलूजा - पुड़ी सब्जी, चश्मा। (16) कबीर आश्रम - नास्ता। (17) बंटी सोनी - नास्ता। (18) मोहन इलेक्ट्रिकल - बिस्किट। (19) ठाकुर होटल रंजीत - खाना। (20) अग्रवाल एजेंसी - बिस्किट। (21) साधुराम रघुवीर प्रसाद - नास्ता। (22) अजय बंसल, मानस बंसल - सेनेटाइजिंग टनल चौकी खरसिया (23) डीबीपावर प्लांट - सेनेटाइजिंग टनल थाना खरसिया

**रायगढ़ शहर -** (1) गल्ला व्यापारी संघ, चेम्बर ऑफ कामर्स, मारवाड़ी महिला समिति, राइस मिल संघ से राशन (2) सब्जी विक्रेता संघ, पत्रकार संघ - सब्जी (3) सिख समाज, अग्रवाल समाज, केशरवानी महिला समिति, चौहान समाज - पक्का भोजन (4) श्रीमती पदमा मनहर, आईसीआईसीआई बैंक, कृषि विभाग, मेडिकल एसोसिएशन - मास्क, सेनिटाइजर। (5) संजय तिवारी हिंडाल्को, नवीन फगोट अडाणी, रावीव सिंह जिंदल, रूपेश पटेल मिलूपारा - राशन, मास्क, सेनेटाईजर।

रायगढ़वासी जिले को कोरोनावायरस से मुक्त रखने के लिए अपने दृढ़ संकल्प, इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास के साथ प्रशासन के दिशा निर्देशों का पालन किया जा रहा है जिसका नतीजा यह है कि इस वायरस जिले में प्रवेश नहीं हुआ है। इसी तरह रायगढ़वालों की एकता उनकी इच्छा शक्ति, दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास के जरिये हम कोराना से जंग में सफलता प्राप्त कर लेंगे और कोराना हमारे जिले में घुटने टेकने पर मजबूर हो जायेगा।

## तीन दिन के अभियान में 260 लीटर शराब हुई जप्त

**» 8 दोपहिया तथा 01पिकअप वाहन जब्त**

**» आबकारी मंत्री के रायगढ़ प्रवास का दिखा असर**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के आबकारी मंत्री कवासी लखमा का जिले में आगमन हुआ था। आबकारी मंत्री जी द्वारा पत्रकारों से चर्चा में यह बताया गया था कि लॉक डाउन में आवश्यक सेवाओं की दुकानें खुली है, शराब दुकानें बंद होने से लोग अवैध शराब की व्यवस्था करने की कोशिश करेंगे। उनके द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध ज्यादा से ज्यादा कार्यवाही करने कहा गया, जिसके बाद दिनांक 19, 20 एवं 21 की शाम तक जिले में आबकारी एक्ट के विरुद्ध अभियान चलाकर ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत इन 3 दिनों में 41 प्रकरणों में 42 व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है जिसमें 260 लीटर शराब की जब्ती की गई है। इनमें 9 प्रकरणों



में 10 व्यक्तियों के विरुद्ध 34(2)59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को जेल भेजा गया है, जिसमें शराब 178 लीटर शराब जप्त किया गया है। पुलिस विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है साथ ही आबकारी विभाग द्वारा भी कार्यवाही की जा रही है।

## समर्पित सेवा भाव से कार्य कर रही है डायल 112 टीम

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** डॉयल 112 आपातकालीन सेवा मुसीबत के समय लोगों के बेहद काम आ रहा है। डायल 112 रायगढ़ राइनो वाहन में आरक्षक व वाहन चालक की ड्यूटी होती है। डायल 112 के कर्मचारी रिस्पांस टाइम में घटनास्थल पहुंचकर अपने विवेक अनुसार अधिक से अधिक पीड़ितों की मदद की जा रही है जिससे आम जनता का विश्वास डायल 112 पर बढ़ा है यही कारण है कि प्रतिदिन लगभग 500 से 600 कॉल केवल डायल 112 रायगढ़ को प्राप्त होते हैं इनमें पुलिस, फायर, मेडिकल इमरजेंसी के अतिरिक्त अन्य कई प्रकार के कॉल होतें हैं। दिनांक 20 एवं 21.04.2020 को थाना खरसिया



एवं पुसौर क्षेत्र से राइनो स्टॉफ की ड्यूटी दौरान उनके समर्पित भाव की तस्वीरें आई है।

जानकारी अनुसार दिनांक 20.04.2020 के 13.50 बजे खरसिया राइनो को ग्राम परसकोल के लिए मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट मिला। इवेंट पर खरसिया राइनो के आरक्षक मौके पर पहुंचे और आहत दिनेश कुमार पिता सुखदेव उम्र 24 साल जो घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर मूर्छित था जिसे ईआरवी गाड़ी में बिठा कर सिविल अस्पताल खरसिया लाया जा रहा था, रेलवे फाटक बंद होने से आहत की स्थिति देख राइनो स्टाफ ने पास के दुकान वाले से मोटरसाइकिल मांग कर आहात को उठाकर मोटरसाइकिल के जरिए शीघ्र सिविल अस्पताल खरसिया ले जाकर भर्ती किए जिससे एक अप्रिय घटना नहीं हुई।

वहीं दिनांक 21.04.2020 को पुसौर राइनो को एनटीपीसी लारा गेट के सामने बाहर से आए चार मजदूरों को राशन मुहैया कराने हेतु इवेंट मिला जिस पर तत्परता दिखाते हुए रायनो स्टाफ शीघ्र पुसौर थाना प्रभारी से संपर्क कर उनके लिए ड्राई राशन की व्यवस्था की किए।

## जिले में अन्य राज्यों से आये 6559 में से 1478 यात्री होम आईसोलेशन में

**» जिले में 32084 घरों का एक्टिव सर्वेलेंस पूर्ण**

**» जिले में आज तक कोई भी कोरोना के पाजिटिव मरीज नहीं**

**» स्वास्थ्य विभाग कर रहा है इनकी नियमित मॉनिटरिंग**

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 01 जनवरी 2020 के बाद विदेशों से कुल 213 यात्री आये हैं जिसमें से 211 यात्रियों का होम आईसोलेशन एवं क्वारेंटाईन की अवधि 28 दिवस पूर्ण हो चुका है। शेष 2 यात्रियों को होम आईसोलेशन में रखा गया है। इनके घरों के आस-पास 50 घरों का कम्यूनिटी सर्वेलेंस किया गया है एवं सतत् निगरानी रखी जा रही है।

जिले में अन्य राज्य से अब तक कुल 6559 यात्री आये हैं जिसमें से 5081 यात्रियों का होम आईसोलेशन की अवधि 28 दिवस पूर्ण हो चुका है। शेष 1478 यात्रियों को होम आईसोलेशन में रखा गया है एवं सतत् निगरानी की जा रही है। जिले में कुल 215 व्यक्तियों का सेम्पल संग्रहण कर जांच हेतु भेजा गया है। जिसमें से 143 व्यक्तियों का रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त हुआ है। शेष 70 का रिपोर्ट अप्राप्त है। वर्तमान में जिले में किसी भी व्यक्ति में कोविड-19 बीमारी के लक्षण नहीं पाये गये है एवं आज दिनांक तक कोई भी कोविड-19 के पॉजिटीव मरीज नहीं है।

10 मार्च के बाद प्रभावित अन्य राज्यों से आए 1425 व्यक्तियों का शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में एक्टिव सर्वेलेंस किया जा रहा है। अब तक कुल 32084 घरों का सर्वे पूर्ण कर लिया गया। सर्दी-खांसी व बुखार के लक्षण वाले को चिन्हांकित कर सूची तैयार की जा रही है। कोरबा व कटघोरा से आने वाले व्यक्तियों को होम क्वारेंटाईन में रखकर प्रतिदिन स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है आवश्यकता पडने़ पर सैम्पल लिया जावेगा।

## सिरपुर में हाथी, पिथौरा-बागबाहरा में भालू और सुअर की दहशत

**महासमुंद (आरएनएस)।** जिले के सिरपुर, पिथौरा और बागबाहरा में इन दिनों वन्यप्राणियों के विचरण के बाद से ग्रामीणों में दहशत है। सिरपुर में भोजन के लिए हाथी तीन दलों में बंट गए हैं। इधर, बागबाहरा और पिथौरा क्षेत्र में भालू और जंगली सूअर भोजन की तलाश में खेतों तक पहुंच रहे हैं। आज सुबह बागबाहरा वन परिक्षेत्र के दो मामलों में जंगली सुअर ने तीन लोगों को घायल कर दिया। वहीं पिथौरा वन परिक्षेत्र में तीन भालुओं ने एक को घायल कर दिया। घटना के बाद तीनों को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। बागबाहरा रेंजर जयकांत गंडेचा ने बताया कि जंगली सुअर ने कस्तूरबोड में खेत में काम कर रहे उमेश पटेल (36) को घायल कर दिया वहीं महुआ बीनने गए श्यामलाल चक्रधारी और दाबपाली के मंगल ध्रुव पर सुअर ने हमला कर घायल कर दिया। तीनों घायलों को एक-एक हजार रुपए की तात्कालिक सहायता राशि दी गई है।

## छग में एक और कोरोना मरीज हुआ ठीक, शेष 10 मरीजों का उपचार जारी

**» राज्य में 43460 लोग अभी भी होम क्वारेंटीन में**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में मंगलवार को एक और कोरोना संक्रमित के ठीक होने की जानकारी मिल रही है जिसके बाद प्रदेश में अब कुल 10 कोरोना संक्रमित मरीज ही शेष है जिनका एम्स रायपुर में उपचार जारी है। हालांकि आज ठीक हुए मरीज की पुष्टि समाचार लिखे जाने तक अधिकारिक तौर पर नहीं हो पायी है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर द्वारा 21 अप्रैल को शाम 5 बजे तक जारी बुलेटिन में बताया गया है कि डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार विश्व में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 2314621 जा पहुंची है, वहीं इस महामारी से मरने वालों की संख्या भी बढ़कर 157847 तक जा पहुंची है।

भारत देश की बात करें तो कोरोना वायरस से 33 राज्य प्रभावित है जिनमें संक्रमित मरीजों की संख्या पिछले 24 घंटे में बढ़कर अब 18985 हो गई है, वहीं इस संक्रमण से मृतकों की संख्या भी बढ़कर 603 पहुंच गई है।

छत्तीसगढ़ राज्य की बात करें तो देश के अन्य राज्यों की तुलना में यहां कोरोना नियंत्रण में है। कोरोना से राज्य में कुल 11 लोग ही संक्रमित है, जिनका एम्स रायपुर में उपचार चल रहा है। इन मरीजों में आज एक मरीज के पूरी तरह ठीक होने की जानकारी मिल रही है। हालांकि इसकी अधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो पायी है।

प्रदेश में होम क्वारेंटीन में रहने वालों की संख्या भी लगातार घट रही है। प्रदेश में क्वारेंटीन की अवधि पूर्ण करने के बाद अब शेष 43460 लोग ही होम क्वारेंटीन में है।

## सरकार की सुराजी गांव योजना से मिला सैकड़ों महिलाओं को रोजगार

**» पांच महिला समूहों ने बंजर जमीन में उपजायी हरी सब्जियां: आमदनी भी हुई शुरू**

**» महिलाओं ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति जताया आभार**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ सरकार की सुराजी गांव योजना से कबीरधाम जिले की ग्राम पंचायत राजानवागांव के पांच स्व-सहायता समूहों की लगभग 100 महिलाओं ने बंजर भूमि को खेती-बाड़ी के लायक बनाकर सब्जियों की खेती करना शुरू किया। अब यहां हरी सब्जियों का उत्पादन शुरू हो गया है और इससे महिलाओं को आमदनी भी होने लगी है। इससे महिलाओं को रोजगार मिला गया है। समूह की महिलाएं इस अनुपयोगी जमीन को खेती के लिए तैयार कर भिंडी, करेला, बरबट्टी, ककड़ी और लौकी की खेती कर रही हैं। यहां पर मनेरगा के तहत एक तालाब का भी निर्माण किया गया है, ताकि महिला समूहों को मछली पालन व्यवसाय से भी जोड़ा जा सके।

जिला प्रशासन द्वारा राज्य सरकार की ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को मजबूत करने वाली सुराजी गांव योजना से राजानवागांव के आसपास के पांच अलग-अलग समूह को जोड़ा गया। इन सभी समूह को जैविक खेती करने के



लिए प्रेरित किया गया और उन्हें मल्टीयुटीलिटी सेन्टर से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मिलने के बाद समूह की महिलाओं की जीवन स्तर को उन्नत करने और नियमित रूप से रोजगार देने के लिए अनुपयोगी खाली जमीन को उन्हें दिया गया। पांच अलग-अलग महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों ने जिला प्रशासन की मदद से अपनी दिन-रात की कड़ी मेहनत कर पांच एकड़ खाली बंजर जमीन को खेती के लिए तैयार किया। कबीरधाम जिले की इस अभिनव पहल से पांच महिला स्वसहायता समूहों की सौकड़ों महिलाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है। साईराम महिला स्वसहयता समूह की अध्यक्ष द्रोपति मानिकपुरी, राधारानी समूह की अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी राव, भारत माता स्व सहायता समूह की अध्यक्ष सुश्री सुनिता वास, मां दुर्गा समूह की अध्यक्ष सुश्री राजबाई पटेल और कुकमुम भाग्य समूह की अध्यक्ष श्रीमती पार्वती धुर्वे ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480